कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

संख्या:एई/03/नि०वि०-I/ग्रुप-III/अवमुक्ति/व्यक्तिगत पत्रावली/ 1414 दिनांक: 26.05.2026

कार्यालय आदेश

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 (द्वारा उचित माध्यम) में नायब तहसीलदार के पद पर चयन होने के फलस्वरूप श्री आनंद स्वरूप यादव, प्रभागीय लेखाकार, व्यक्तिगत संख्या 1556 का सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिनांक 26.05.2026 (अपराह्न) से तकनीकी त्यागपत्र स्वीकृत कर दिया गया है। अतः श्री आनंद स्वरूप यादव को उक्त तिथि से उपरिवर्णित पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु इस कार्यालय से कार्यमुक्त किया जाता है। उनका इस विभाग में दिनांक 25.05.2028 तक धारणाधिकार रहेगा।

श्री आनंद स्वरूप यादव इस कार्यालय में प्रभागीय लेखाकार के पद पर दिनांक 27.12.2016 को पूर्वाह्न में न्यू पेंशन योजना के अंतर्गत नियुक्त हुये थे। यह भी सूचित किया जाता है कि उनके विरुद्ध इस कार्यालय में कोई भी सतर्कता/अनुशासनात्मक/न्यायालय प्रकरण लंबित नहीं है।

वरिष्ठ उपमहालेखाकार /निर्माण

संख्या:एई/03/नि०वि०-I/ग्रुप-III/अवमुक्ति/व्यक्तिगत पत्रावली/ 126-132 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, अनुभाग -3-त.ना.त., लखनऊ को उनके पत्र संख्या 1057/3-त.ना.त.-35एन.टी./2026 दिनांक 18 मई 2026 के संदर्भ में।
2. जिलाधिकारी बस्ती।
3. अधिशाषी अभियंता, नलकूप खंड, अंबेडकर नगर को कार्यालय की वेबसाइड के माध्यम से इस अनुरोध के साथ कि श्री आनंद स्वरूप यादव को दिनांक 26.05.2026 तक के वेतन का भुगतान करने के उपरान्त उनकी सेवा पुस्तिका एवं अंतिम वेतन प्रमाण पत्र इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, अंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश।
5. श्री आनंद स्वरूप यादव, प्रभागीय लेखाकार व्यक्तिगत संख्या-1556, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
6. वरिष्ठ लेखाधिकारी /निर्माण विविध –II, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
7. वरिष्ठ लेखाधिकारी /आई.टी.सी.जी., को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त आदेश को कार्यालय की वेबसाइड पर अपलोड करने का कष्ट करें।

वरिष्ठ लेखाधिकारी /निर्माण विविध-I